# षोडश

# बिहार विधान सभा

## दशम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 03 श्रावण, 1940 (श0) / 25 जुलाई, 2018 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 185**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 88 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 36 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 05 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 29 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 15 |
| (6) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 05 |
| (8) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 06 |
| | | कुल योग --- | 185 |

डी0पी0आर0 की स्वीकृति

*166. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखंड स्थित तरैया बाजार से प्रखंड मुख्यालय जानेवाली सड़क में सादरा नदी पर अवस्थित ब्रिटिशकाल का पुल-सह-सड़क जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, मढ़ौरा द्वारा विगत 6 माह पूर्व ही खंड (1) में वर्णित पुल-सह-सड़क का डी0पी0आर0 मुख्यालय को भेजे जाने के बावजूद अभीतक उसकी स्वीकृति नहीं दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पुल-सह-सड़क का डी0पी0आर0 की स्वीकृति प्रदान कर उसका निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध का निर्माण

*167. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के लौरिया प्रखंड के वृंदावन व बेलवा (बसंतपुर) दोनों गाँव सिकरहना नदी के किनारे बसा है, जहाँ नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों गाँवों को सुरक्षित रखने के लिये सुरक्षा बाँध का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*168. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार प्रखंड के अब्दुला चौक से वासदेवपुर, गोरिगामा, दारापुर, चमरहा होते हुये महनार बाजार तक जानेवाली सड़क जर्जर है, जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*169. डॉ0 शमीम अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) जिला के बंजरिया के चैलाहाँ पंचायत के रघुनाथपुर को जोड़ने वाली सड़क में धनौती नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीण जनता आने-जाने के लिये चचरी का उपयोग करते हैं, जबकि नदी के दोनों तरफ सड़क का निर्माण पूर्ण हो चुका है, सिर्फ पुल के अभाव में आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पईन की सफाई

*170. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगियाँव प्रखंड अन्तर्गत पवना, चैनलडीह से बनकट होते हुये लभुआनी, दुबौली से जोगी बाबा तक पईन की सफाई कार्य विगत 20 वर्ष पूर्व किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पईन की सफाई नहीं होने के कारण 25 गाँव के किसानों को पटवन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पईन की सफाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*171. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर विधान सभा क्षेत्र के पातेपुर प्रखंड के मालपुर, सिमना चौक से महया होते हुये इमादपुर झरकट मिडिल तक जानेवाली लगभग 7 कि0मी0 सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

'क'-*172. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुप्पी प्रखंड के नरहा गाँव के राजमंगल सिंह के घर से धान टोला तक पथ का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाईपास का निर्माण

*173. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के इसलामपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत एकंगरसराय बाजार, राजगीर एवं गया जाने के लिये मुख्य पथ है जो आये दिन भीषण जाम से त्रस्त रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एकंगरसराय बाजार के पश्चिम से बाईपास के निर्माण हेतु वर्ष 2015 में सरकार स्तर पर प्रस्ताव भी पारित हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक एकंगरसराय बाजार के पश्चिम से बाईपास सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*174. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज से मुरालीगच्छ तक जानेवाली सड़क गत वर्ष भयानक बाढ़ से जहाँ-तहाँ टूट गया है एवं वर्तमान में जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बोल्डर पिचिंग कराना

*175. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत गौनाहा प्रखंड के ग्राम-शेखा मस्जिदवा के पास गौंगुली नदी के तेज धार से पूर्वी तट का कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव को नदी के कटाव से बचाने के लिये एवं पूर्वी तट की सुरक्षा हेतु बोल्डर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक 5511(5), दिनांक 19 जुलाई, 2018 के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित।

पथ का अधिग्रहण

*176. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के लूल्हवा चौक से चिकनी, फकिला होते हुये देकुली (महादेव देकुली) तक का सड़क जो बंगलिया सड़क के नाम से जाना जाता है, काफी चौड़ी है, परन्तु जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क दरभंगा के पूर्वी इलाका के लहेरिया सराय से जोड़ने का एकमात्र सीधा सड़क है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

करहा का पक्कीकरण

*177. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखंड के अमीर बिगहा में सोन नहर का करहा साईफन के पास क्षतिग्रस्त होने से सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार करहा का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*178. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंडान्तर्गत सबलपुर पूर्वी पंचायत में पी0 डब्लू0 डी0 सड़क सुधार चौक से चहारम गंडक नदी तक तथा पहलेजा घाट-खरीका-हरिहरनाथ पथ में नेहालनाथ मंदिर चौक से परवेजा-बदुराही-गंगाजल गाँव की ओर जाने वाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*179. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के कतरीसराय प्रखंड के कटौना पथ से ग्राम-गंगापुर, पलटपुर तक पथ जर्जर रहने के कारण आमजनों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*180. डॉ0 राजेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के पश्चिमी सरोतर, निषाद टोला से पूर्वी सरोतर, महादलित टोला तक सड़क कच्ची है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुलिया का निर्माण

*181. श्री अशोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या 203)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला में नुआँव-दुमदूमा पथ में धर्मावती नदी पर ग्राम-ऐवती के पास पुलिया जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नदी में बाढ़ आने पर पुलिया पानी में डूब जाता है और आवागमन बाधित हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुलिया को नये सिरे से निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन बनाना

*182. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सभी पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनाने का सरकार का संकल्प है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जन्दाहा प्रखंड के पंचायत मुकुन्दपुर, भाथ ग्राम-कजरी बुजुर्ग में 125 डी0, भान, बोरहाँ पंचायत के रामपुर बोरहाँ में 80 डी0 सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सरकारी जमीन पर पंचायत सरकार भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आई0 टी0 आई0 खोलना

*183. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर प्रखंड स्थित मानिकपुर पंचायत में एक वर्ष पूर्व 5 एकड़ भूमि चिह्नत कर आई0 टी0 आई0 कॉलेज खोलने हेतु सरकार को प्रतिवेदित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक अनुमंडल में एक आई0 टी0 आई0 खोलने का प्रावधान सरकार की ओर से है, किन्तु उक्त स्थल पर पर्याप्त जमीन उपलब्ध होने के बावजूद आई0 टी0 आई0 कॉलेज नहीं खोला गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चालू वित्तीय वर्ष में उक्त स्थान पर आई0 टी0 आई0 खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*184. डॉ0 (मो0) जावेद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पिछले वर्ष अगस्त माह में किशनगंज जिला में आये विनाशकारी बाढ़ के कारण किशनगंज प्रखंड के वार्ड नं0 34 अंतर्गत खगड़ा से मझिया के बीच आर0 ई0 ओ0 सड़क एवं वार्ड नं0 20 अंतर्गत हलीम चौक से खिरदह के बीच पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 सड़क जर्जर हो जाने एवं पुल टूटने के कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों पर पुल निर्माण के साथ सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उच्चस्तरीय जाँच कराना

*185. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला जमुई के कटौना से झाझा जाने वाली सड़क पी0 डब्ल्यू0 डी0 की सड़क है, जिसके चौड़ीकरण का कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कार्य करने वाली एजेंसी की कार्य प्रणाली की उच्चस्तरीय जाँच करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का जीर्णोद्धार

*186. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत फुलीडुमर प्रखण्ड के कैथा पंचायत में अवस्थित भीमा बाँध, महाशय बाँध जर्जर हो गया है जिससे सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँधों का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*187. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के सुपौल प्रखंडान्तर्गत ग्राम-इरदी-इटहरी, मुसहरी महादलित टोला से धपहरिया महादलित टोला जानेवाली सड़क को सइला उप-शाखा नहर दो भागों में विभक्त करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ एवं नहर पर पुल का निर्माण आजतक नहीं कराया गया है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क एवं पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*188. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के कुसमाहा पंचायत में रामगंज और फकीरना गाँव के बीच सीता धार पर बना पुल जर्जर है जिससे एस०एस०बी०कैम्प कार्यालय एवं नेपाल वार्डर को जोड़ने वाली सड़क पर आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त धार पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

समस्या का निदान करना

*189. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार पंचायती राज विभाग की अधिसूचना सं० 4प/ग्रा० रक्षादल/30-2/2015-0080, दिनांक 15 दिसम्बर, 2015 के आलोक में ग्राम रक्षादल के जवान अपनी 11 सूत्री माँगों को लेकर गर्दनीबाग में गत 4 महीनों से शांतिपूर्ण धरना पर हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उन आंदोलनरत ग्राम रक्षादल जवानों के शिष्टमंडल से वार्ता कर उनकी समस्या का निदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*190. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अंतर्गत भरगामा प्रखंड के ग्राम-नयानगर, अकरथापा में जानकीनगर ब्रांच कैनाल (JBC) में लकड़ी एवं बांस से निर्मित पुल है, जो प्रतिवर्ष बरसात में क्षतिग्रस्त हो जाता है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्थायी बांस निर्मित पुल के स्थान पर आर०सी०सी० पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*191. डॉ० शमीम अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) जिला के छौड़ादानों प्रखंड अन्तर्गत नेपाल से निकलने वाली पसाह नदी पर आदापुर प्रखंड से लेकर छौड़ादानों प्रखंड के पुरैनिया पंचायत के ग्राम-भवानीपुर तक सिल्ट की सफाई हेतु विभागीय स्तर पर विगत छः माह पूर्व निविदा निकाली गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा उक्त नदी में जमे सिल्ट को सिर्फ छौड़ादानों प्रखंड अंतर्गत लखौरा गाँव तक ही निकाल कर सफाई कार्य आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है, फलस्वरूप नदी में सिल्ट की पूरी तरह से सफाई नहीं होने के कारण भवानीपुर, पुरैनिया, महुअवा, तिनकोनी इत्यादि गाँव जलमग्न हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य की उच्चस्तरीय जाँच कराते हुये संवेदक एवं विभागीय पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*192. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहसी प्रखंड अंतर्गत बबुरवन मध्य विद्यालय से देलुआहां पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क तक कच्ची सड़क है जिससे ग्रामीणों को बरसात के समय आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अधूरे कार्य को पूर्ण करना

*193. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखण्ड के ग्राम-चिड़ैयाटांड़ को सम्पर्क पथ के माध्यम से मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु सड़क निर्माण का कार्य वर्ष 2016 में ही प्रारंभ हुआ था जिसे जुलाई, 2017 तक पूर्ण करना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दो वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो सका है एवं अबतक किया हुआ निर्माण कार्य मानक के अनुसार नहीं है, जिसके कारण आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क निर्माण कार्य में हुये विलंब एवं निर्माण कार्य में बरती गयी अनियमितता के लिये संवेदक पर कारवाई करते हुये अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*194. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखण्ड स्थित बुचौली ग्राम के समीप हजारों एकड़ जमीन में सिंचाई हेतु एक स्लूईस गेट के निर्माण हेतु वर्ष 2011 में ही विभाग द्वारा प्राक्कलन बनवाया गया था, फिर भी कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*195. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के पोरारामदेली पंचायत के पोरा चौक से पोरा गाँव होते हुये निसहारा, डुमरा पीच सड़क विगत 45 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मानदेय देना

*196. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला में योजना के कार्यान्वयन के लिये विकास मित्रों से कार्य लिया जाता है, जिनका मानदेय 03 माह से नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विकास मित्रों का समय से मानदेय देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

*197. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर शहर के तिलकामाँझी चौक से जोरो माईल तक का पथ विगत 5 वर्षों से जर्जर है जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ग्राम को नगर पंचायत में जोड़ना

*198. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के महाराजगंज प्रखंड का धन्छुहाँ ग्राम न तो नगर पंचायत से संबद्ध है न ही ग्राम पंचायत से जिससे यहाँ के ग्रामीण पंचायत स्तर के सभी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं, जबकि धन्छुहाँ ग्राम के वासी महाराजगंज लोकसभा एवं विधान सभा में मतदान भी करते हैं किन्तु पंचायत स्तर के किसी भी मतदान में वे भाग नहीं ले पाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक धन्छुहाँ ग्राम को नगर पंचायत महाराजगंज में जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

*199. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत ओड़सा मोड़ से पनसाला तक जाने वाली लगभग आठ कि०मी० सड़क का पक्कीकरण आठ वर्ष पूर्व किया गया था, जो आज पूरी तरह से जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वाटर रिचार्ज कराना

*200. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में वाटर रिचार्ज के मुख्य साधनों में पईन, आहर तालाब आदि हैं परंतु इनमें गाद भर जाने के कारण जल सोखने की इनकी क्षमता कम हो चुकी है, फलस्वरूप वाटर रिचार्ज नहीं हो पा रहा है और भू-गर्भीय जल तेजी से समाप्त हो जा रहा है, जिससे पेयजल संकट के साथ गलोबल वार्मिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भू-गर्भीय जल संकट से राज्य को बचाने के लिये पईन, आहर, तालाब आदि की उड़ाही कर वाटर रिचार्ज कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*201. डॉ० अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के पीरपांती घाट पर पुल नहीं रहने से लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त घाट पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*202. श्री भाई वीरेन्द्र--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत खगौल स्थित खगौल लख से भाया खगौल बाजार, जमालउद्दीन चक होते हुये सरारी रेलवे गुमटी तक 4 वर्ष पूर्व सड़क का निर्माण कराया गया था, परन्तु जमालउद्दीन चक गाँव के निकट करीब 400 मीटर सड़क अर्द्धनिर्मित छोड़ दिया गया था, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अर्द्धनिर्मित 400 मीटर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*203. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत महाराजगंज प्रखंड में नखास चौक के बगल से रेलवे लाइन होते हुये राजेन्द्र नगर चौक से ब्लॉक नहर के पुल तक सड़क एवं नाला नहीं होने से वहाँ के आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर सड़क एवं नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्कीकरण

*204. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के सरौनी मधेपुरा पंचायत के मैनापट्टी से मंगला बाजार होते हुये महुआ बाजार तक की सड़क दो वर्षों से जर्जर है जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*205. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के मेहतरपट्टी गाँव में काला मोईन (नहर) पर स्लूईस गेट (फाटक) नहीं रहने के कारण आस-पास के लगभग एक हजार एकड़ जमीन में पर्याप्त सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मेहतरपट्टी गाँव में काला मोईन पर एक स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पुनर्निर्माण

*206. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज प्रखंड के विक्रमगंज डिहरी ऑन सोन पथ कायस्थ बहुआर शिव मंदिर से अमरथा तक विगत 15 वर्षों से जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*207. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखण्ड के ग्राम-परयावक को मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु सम्पर्क पथ का निर्माण अभीतक नहीं हो पाया है, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम को मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का जीर्णोद्धार

*208. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत खैरा मागोबन्दर नरियाना पुल ध्वस्त हो चुका है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*209. श्री आलोक कुमार मेहता--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 जून, 2018 को प्रकाशित शीर्षक "गडकरी बोले-बिहार में जमीन न मिलने से रुपये 2 लाख करोड़ की योजनायें लटकीं" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के पथों के निर्माण एवं चौड़ीकरण हेतु आवश्यक भूमि अधिग्रहण ससमय नहीं किये जाने के कारण राज्य को भारत सरकार से प्राप्त होने वाले दो लाख करोड़ रुपये की योजना लटकी हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार भूमि अधिग्रहण का मामला लंबित रखनेवाले दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध समय-सीमा के अंदर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मोटर की मरम्मती

*210. श्री अशोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-203)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के मोहनिया सब-डिवीजन में मोटर जल जाने से नलकूप बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि राशि के आवंटन के अभाव में उक्त नलकूप की मरम्मती नहीं हो पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राशि आवंटित कर उक्त मोटर की मरम्मती कराकर उसे चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*211. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के इसलामपुर विधान सभा क्षेत्र के इसमलामपुर-वेन-नालंदा तक 33 कि० मी० सड़क का निर्माण कार्य दिनांक 2 मई, 2013 को प्रारंभ हुआ है जिसको दिनांक 1 जनवरी, 2016 तक पूर्ण कराना था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घटिया मेटेरियल का उपयोग किया जा रहा है, साथ ही कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि के बाद भी कार्य धीमी गति से चल रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार संवेदक एवं संलिप्त दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*212. श्री लालबाबू प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया प्रखंड के सेमरा पंचायत के पटखौलिया अवधेश सिंह के घर से डाठ तक लगभग 4 कि० मी० की सड़क कच्ची होने से आमलोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*213. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पटेढ़ी बेलसर प्रखंड के चकगुलामुद्दीन पंचायत के कटारू चकमहमद ग्राम में डॉ० रामप्रबोध सिंह के घर के निकट झाझा नदी पर पुल काफी संकीर्ण है एवं पारापेट वाल नहीं होने से आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल के स्थान पर नये पुल के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*214. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के ग्राम-फुलहारा मुख्य सड़क से खरैहिया होते हुये दूधपुरा बाजार मुख्य सड़क तक सड़क विगत 15 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना का जीर्णोद्धार

*215. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के काशीचक प्रखंड अंतर्गत सिंचाई हेतु टाटी नदी पर जीरा खार सिंचाई योजना का निर्माण 1982 ई० में किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सिंचाई योजना ही पूरे प्रखंड की सिंचाई हेतु एकमात्र योजना है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना की स्थिति जर्जर हो जाने के कारण सिंचाई बाधित है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त योजना जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रशासनिक स्वीकृति देना

*216. श्री मेवा लाल चौधरी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखण्ड के बलिया ग्राम में स्थित कोकाय सिंधा बाँध से लगभग 20.22 गाँवों के खेतों की सिंचाई होती जो जर्जर है, जिसका प्राक्कलन तैयार कर तकनीकी स्वीकृति के बाद प्रशासनिक स्वीकृति हेतु एक वर्ष से विभाग में लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कोकाय सिंधा बाँध के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*217. श्री (मो०) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत माँझा प्रखण्ड के एन०एच०-28 से निकलकर कोइनी खान टोला होते हुये मधुसंख्या पी०डब्ल्यू०डी० रोड के पास मिलने वाली सड़क जर्जर है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*218. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड के परसा उत्तरी पंचायत में बेलहा से पश्चिमी कोसी तटबंध (निर्मली) तक जानेवाली पथ में बटोआ घाट में पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को सालोंभर बांस की चचरी पर आवागमन करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का जीर्णोद्धार

*219. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज-कतरपुर पथ (09 कि०मी०) जर्जर है एवं उक्त पथ की दो पुलिया ध्वस्त हो चुकी है तथा सड़क में नाली नहीं रहने के कारण सड़क के आस-पास के गाँवों में जल-जमाव रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पुलिया एवं नाला सहित उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का अधिग्रहण

*220. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, पीपरा टोला से गिद्धाबाड़ी, गरैया, नयाटोला, कालीस्थान तक पथ को सम्पर्कता प्रदान करने हेतु ग्रामीण कार्य विभाग के पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने हेतु जिलाधिकारी, कटिहार के पत्रांक 402, दिनांक 1 मार्च, 2018 के द्वारा प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार को पत्र लिखा गया है फिर भी आजतक उक्त ग्रामीण सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में कबतक अधिग्रहण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का पुनर्निर्माण

*221. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अंतर्गत कुर्था विधान सभा क्षेत्र के करपी प्रखंडान्तर्गत ग्राम-अतौला एन०एच०-110 से ग्राम-गानियारी होते हुये ग्राम-आजादनगर तक पथ जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में नाला पर निर्मित पुल भी ध्वस्त हो चुका है जिससे आम जनता को आवागमन में परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने एवं ध्वस्त पुल का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी उपलब्ध कराना

*222. श्री तार किशोर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 9 मार्च, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''पाँच वर्ष से नहर में नहीं आ रहा पानी, किसान कैसे करेंगे खेती'' के आलोक में क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत कोढ़ा प्रखंड के दिघरी, सिमरिया पंचायत सहित अन्य प्रखंडों में किसानों के द्वारा खेतों की सिंचाई नहर के माध्यम से की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पाँच-सात वर्षों से नहर में पानी नहीं आने के कारण किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पाते हैं जिससे फसल का उत्पादन काफी कम हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नहर में नियमित रूप से पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का जीर्णोद्धार

*223. श्री रमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल सीवान-2 अंतर्गत सीवान जिला के मैरवा प्रखण्ड में मैरवा रेलवे पश्चिम ढाला से सुन्दर पार उत्तर प्रदेश सीमा तक एवं मैरवा रेलवे पश्चिम ढाला से स्याही नदी पुल उत्तर प्रदेश सीमा तक की सड़कें जर्जर हो चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*224. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखण्ड के बियारपुर पंचायत के प्राथमिक मध्य विद्यालय, हुसैनाबाद से मंझेली सड़क तक तथा रजीगंज पंचायत के सिमलगाछी कालीस्थान से भोलाबाड़ी गाँव तक सड़क कच्ची एवं जर्जर है, जिससे छात्र-छात्राओं सहित आमलोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों का निर्माण करने का विचार रखती है ?

---------

पुल बनाना

*225. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत के० नगर प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजनाधीन निर्मित रामोतार चौक से नयापट्टी डहरिया पूरब जानेवाली पथ में बनियापट्टी नहर में तथा रहुआ मंदिर टोला से अनुसूचित जाति टोला जानेवाली पथ के बीच पोखरिया टोला के निकट नहर में पुल नहीं रहने से आवागमन प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों में नहर पर पुल कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*226. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत एन० एच० 104 में बथनाहा से कुम्मॉं के बीच लगभग 6 कि० मी० सड़क जर्जर होने के कारण वाहनों के परिचालन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बथनाहा से कुम्मॉं के बीच सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*227. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड में गुड़ी सर्वे रघुनाथपुर सड़क से रामगढ़ ग्राम तक कच्ची सड़क है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*228. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत बाया से परसा सड़क जर्जर है, जिससे आमलोगों का आवागमन बाधित हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बाया से परसा तक जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बाँध का जीर्णोद्धार

*229. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड भभुआ में ग्राम नरांव के पास सिंचाई हेतु बना बाँध जर्जर हो गया है, जिससे ग्राम-नरांव, जिगनी सहित पाँचासों गाँवों का पटवन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*230. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर विधान सभा क्षेत्र में नबीनगर बारून रोड के लेम्बो-खाप से सलैया रेलवे स्टेशन तथा बारून-दाउदनगर रोड से चिरैला रेलवे स्टेशन भाया धर्मपुरा सड़क को श्रेणी-1 में सम्मिलित किया गया है, लेकिन अभीतक उक्त श्रेणी-1 के सड़कों की मरम्मती नहीं हो रही है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों को वर्तमान वित्तीय वर्ष में निर्माण/मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*231. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत सहदेई प्रखंड के दुबहा चौक से चमरहरा चौक तक एवं राजापाकर पी० डब्लू० डी० सड़क मोहन सिंह के बथान से ओहाब के आरा मशीन तक सड़क जर्जर है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार प्राथमिकता के आधार पर उक्त जर्जर सड़क का पी० सी० सी० एवं जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---- ---

सड़क का पक्कीकरण

*232. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के हासुहाँ मानिकपुर पंचायत में सदी खाँ के घर से विष्णुपुरा शिवबालक ठाकुर के घर, विष्णुपुरा मठ, अंसारी टोला, देवाल टोला-महादलित टोला, होते हुये मटियरिया सीवान तक जाने वाली कच्ची सड़क जर्जर है, जिससे आम जनता को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*233. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखंड के एस० एस० बी० कैम्प के दक्षिण बलुआ जाने वाली मलिनिया ग्राम के उत्तर बैठा टोला तक तथा भलुहिया ग्राम के पश्चिम देवस्थल से लालदासी लड़कवा श्रीनगर तक कच्ची सड़क रहने के कारण बरसात के दिनों में लोगों का आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*234. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय प्रखंड के खम्हार पंचायत अन्तर्गत खम्हार कुण्ड ढाला से रामचरित्र सिंह डेरा तक लगभग 1 कि० मी० की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नहर का निर्माण

*235. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड देव में हड़ियाही नहर के बटाने राईट वितरणी नहर के निर्माण कार्य में तय प्राक्कलन के अनुरूप छड़, बालू, सीमेंट का प्रयोग नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार मानक के अनुसार बटाने राईट वितरणी नहर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ को डबल लेन करना

*236. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला में समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य सड़क से मथुरापुर से इलमासनगर होते हुये डुमरा आर0सी0डी0 पथ में इलमासनगर के आगे सिंगल लेन रहने के कारण वाहनों के भारी दबाव की वजह से आवागमन बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ के सम्पूर्ण लम्बाई को डबल लेन में परिवर्तित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ को जोड़ना

*237. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अंतर्गत चकाई प्रखंड के असाहना महादलित टोला के पथ का एन0एच0 333 से सम्पर्क नहीं रहने के कारण वहाँ की जनता को देवघर एवं चकाई आने-जाने में काफी असुविधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त पथ को एन0एच0 333 से कबतक जोड़ने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटावनिरोधी कार्य कराना

*238. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के खरीक प्रखंड अंतर्गत कालुचक, विश्वपुरिया तथा नारायणपुर प्रखंड के बैकठपुर, दुधैला पंचायत में कोसी नदी द्वारा गाँव से महज 70 फीट की दूरी पर कटाव जारी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर कटावनिरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*239. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज प्रखंड में ग्वालडांगी, खड़ीबाड़ी से बंगाल सीमा तक जानेवाली सड़क जर्जर रहने के कारण आम जनता को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का पक्कीकरण

*240. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज प्रखंड के विक्रमगंज दिनारा पथ के कोल्हा मोड़ से मानपुर-मिल्की पहुँच पथ तक सड़क कच्ची है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डायभर्सन बनाना

*241. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत कोचस से पश्चिम एन0एच0 30 पथ में धर्मावती नदी पर स्थित पुल जर्जर है, जबकि उक्त पुल से अधिक संख्या में सवारी गाड़ी एवं भारी वाहन का आवगमन हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल को बंदकर आवागमन के लिये डायभर्सन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*242. श्री चंदन कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत अलौली प्रखंड मुख्यालय से बागमती, करेह नदी पर पुल नहीं होने से वहाँ के स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्य प्रारम्भ करना

*243. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड में कार्य प्रमंडल, अररिया द्वारा महिषाकोल, झमटा घाट, पनार नदी पर पुल बनाने का डी0पी0आर0 लगभग 6 माह पूर्व बनकर तैयार है एवं छः माह से विभाग में लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल निर्माण कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*244. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रमीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अहमदाबाद प्रखंड अंतर्गत गोविन्दपुर घाट से मुसा मोड़ होते हुये जलाल मोड़ तक सड़क स्वीकृत है, लेकिन मुसा मोड़ से नुरू मोड़ मुख्य सड़क तक सम्पर्क पथ नहीं रहने से मुख्य गाँव हर साल सड़क के आवागमन से वंचित रह जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*245. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रमीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के कुसहाँ पक्की सड़क से कोला टोल होते हुये संझैली पक्की तक सड़क कच्ची है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### सड़क का पक्कीकरण

*246. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखण्ड के रघुनाथपुर चौक से सोबइया गाँव तक सड़क कच्ची है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

### सड़क का निर्माण

*247. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के कुसियारगाँव पंचायत अन्तर्गत रमजान गुदरी टोला से एकौना टोला तक पथ जर्जर है, जिससे आवागमन में आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित पथ जोकीहाट प्रखण्ड के सी०एन०सी०पी०एल० 39 में बैरगाछी, महलगाँव प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना डुमरिया से आगे अंकित हो गया है, जबकि यह सड़क अररिया प्रखण्ड में है;

(3) क्या यह बात सही है कि इस संदर्भ में प्रश्नकर्ता सदस्य के पत्रांक 7118, दिनांक 31 मार्च, 2018 द्वारा माननीय मंत्री से पत्राचार भी किया जा चुका है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

### पुल का निर्माण

*248. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोहिउद्दीन नगर प्रखण्ड के हरिदासपुर दियारा में गंगा नदी पर पीपा पुल निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2015-16 में डी०पी०आर० बनकर तैयार हो गया है, लेकिन आजतक पुल का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

### पथ का पक्कीकरण

*249. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत-बरैठ अन्तर्गत मनखाहा से सिताबी शर्मा के घर के निकट से पूरब उत्तर बिलट यादव के घर तक की सड़क दो वर्षों से जर्जर है जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

### पुल का निर्माण

*250. श्री चंदन कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया प्रखण्ड एवं अलौली प्रखण्ड में मध्य विशनपुर-सुम्या पथ में छांछ घाट पर पुल निर्माण से संबंधित सारी प्रक्रिया पूरी हो गयी, लेकिन पुल निर्माण का कार्य अभीतक प्रारम्भ नहीं हो सका, जबकि बरसात में उक्त पथ पुल के अभाव में तीन-चार माह के लिये बंद हो जाता है, जिससे जिले के 10 पंचायतों के लोगों को खगड़िया मुख्यालय आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*251. श्री रमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के मैरवा प्रखण्ड अन्तर्गत मैरवा से धरनी छापर उत्तर प्रदेश सीमा तक की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

योजना लागू करना

*252. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत दरौली विधान सभा क्षेत्र के दो दर्जन गाँव गंडक व सरयू नदी के किनारे अवस्थित हैं, जहाँ गंडक नहर का पानी नहीं पहुँचता है और खेतों की सिंचाई ठीक से नहीं होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि गाँव के किसानों को खेतों की सिंचाई हेतु बोरिंग पाइप देने का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी किनारे अवस्थित गाँव में सोलर पम्प योजना लागू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*253. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत काँटी प्रखण्ड के कोल्हुआ, पैगम्बरपुर के न्यू पुलिस लाइन चौक से उत्तर की ओर जाने वाली बाँध पर निर्मित सड़क में नागेन्द्र बैठा के घर के बगल के बाँध ढलान से प्रवीण कुमार वर्मा के घर तक जानेवाली सड़क कच्ची है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बोल्डर पीचिंग कराना

*254. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के ग्वालपाड़ा प्रखण्ड में सुरसर नदी के तटबंध पर बभनगाँवा, बिंदटोली एवं अरार डफरा गाँव अवस्थित है, जो हमेशा नदी के कटाव से प्रभावित होता रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के किनारे कटावनिरोधी कार्य दो वर्ष पूर्व से लगातार हो रही है, लेकिन प्रत्येक वर्ष कटाव होता रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुरसुर नदी के तटबंध पर बभनगाँवा, बिंदटोली एवं अरार डफरा गाँव के पास कटाव रोकने हेतु बोल्डर पीचिंग का कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*255. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड के परसौनी रीगा पी०डब्लू०डी० पथ से पशुराम चौकी होते हुये जय किशोर राय, रामवाल राय के घर के बीच से सीमरी होते हुये अनहारी तक (8 कि०मी०) सड़क कच्ची है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण कराना

*256. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अकबरपुर-यदुनाथपुर निचली सड़क जो बिहार की अंतिम सीमा जारादाग तक जाती है का निर्माण कार्य सन् 2006-07 में शुरू किया गया किन्तु अधूरा कार्य कर वर्ष 2007-08 में छोड़ दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माणाधीन रहने के कारण यदुनाथपुर, बेलदुरिया सहित दर्जनों गाँवों का आवागमन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माणाधीन सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*257. श्री विद्या सागर केशरी --क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के तिरसकुंड पंचायत के तिरसकुंड गाँव में महादलित टोला के बगल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़क में ऊरलाहा धार पर पुल नहीं रहने से आवागमन प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क में ऊरलाहा धार पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*258. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के आमस प्रखंड में प्राथमिक विद्यालय, गंगटी से आहर होते हुये तीनकोनी तक एवं बड़की चिलमी पंचायत में बोधीस्थान से बारा होते हुये बनकट तक सड़क कच्ची है, जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बसावटों में सड़क सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*259. श्री लालबाबू प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया प्रखंड के दिपही चौक से माधोपुर, महुआवा होते हुये बैजनाथपुर चौक से मिश्रौलिया पेट्रोल पम्प तक की पक्की सड़क जर्जर हो जाने से आवागमन प्रभावित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बोरिंग का पाइप ठीक कराना

*260. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड के लोहरगामा डीह स्थित बोरिंग का पाइप लगभग 10 वर्षों से खराब रहने के कारण उक्त गाँवों के खेतों की फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बोरिंग का पाइप ठीक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव रोधक कार्य कराना

*261. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड के बजरपुरीया एवं रधई गाँवों का बूढ़ी गंडक नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में हो रहे कटाव को रोकने हेतु कटाव रोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राष्ट्रीय औसत के लिये कदम उठाना

*262. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहाँ Wage/Salaried Persons का राष्ट्रीय औसत 22.7 प्रतिशत है वहीं बिहार का औसत मात्र 13.2 प्रतिशत है, यदि हाँ, तो राज्य के Wage/Salaried Persons औसत को राष्ट्रीय औसत तक लाने हेतु सरकार कौन-से कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डबल रोड बनाना

*263. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखंड के तोल-टेंगो रोड में झारखंड राज्य से बालू, गिट्टी लदे ट्रकों का आवागमन एवं सिंगल रोड होने से आम जनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त रोड को डबल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*264. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखंड स्थित भासर मछह्या दक्षिण पंचायत के रिखौली ग्राम में श्री कुसे मिश्र के घर से भाया योगेन्द्र राय के घर होते हुये वार्ड संख्या 16 भटौलिया सीमा तक सड़क निर्माण नहीं होने से आमजन को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*265. श्री मुनेश्वर चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गरखा प्रखंड के मीठेपुर बिन्द टोला के निवासियों हेतु आवागमन के लिये कोई सार्वजनिक सड़क नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सार्वजनिक सड़क नहीं होने के कारण आजादी के वर्षों बाद भी बिन्द टोला के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त टोला के लिये जमीन का अधिग्रहण कर सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है ?

सड़क की मरम्मती

*266. श्री (प्रो0) चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अंतर्गत भतरषा चौक से घैलाढ़ प्रखंड मुख्यालय जानेवाली सड़क जर्जर है, जिससे आम लोगों को प्रखंड मुख्यालय, बैंक एवं थाना तथा छात्रों को स्कूल एवं कॉलेज जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*267. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के लौरिया प्रखंड के पंचायत राज खजुरिया, बहुअरवा के खजुरिया से पंडाटोली एवं पासवान टोली होते हुये धोबनी तक जानेवाली लगभग तीन किलो मीटर लम्बी सड़क जर्जर है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*268. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत रेलवे गुमटी, बानुछापर, बेतिया से लेकर छावनी बेतिया तक की सड़क की प्रशासनिक स्वीकृति पत्रांक मु0अ0-4(3054)-04-021/2017/623, दिनांक 21 मई, 2018 से प्रदान की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि योजना की स्वीकृति के उपरांत भी निर्माण कार्य जुलाई, 2018 तक प्रारंभ नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*269. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत नावकोठी प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय स्थित पहसारा-बगरस पथ के थाना चौक से मुख्य बाजार होते हुये चौमुहानी चौक तक सड़क जर्जर है तथा नावकोठी थाना से मुख्य बाजार के मध्य तक सड़क पर पानी जाम रहता है, जिससे लोगों को बाजार आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*270. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड अंतर्गत बहेड़ी पथ से गंगदह गाँव तक एक कि0 मी0 सड़क दो वर्षों से जर्जर है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि का शीघ्र भुगतान

*271. श्री (मो0) नवाज आलम--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण मजदूरों को विवाह सहायता, सामान्य मृत्यु सहायता, 60 वर्ष पूर्ण कर चुके मजदूरों को पेंशन सहायता आदि का लाभ देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी कार्य में शिथिलता के कारण पंजीकृत निर्माण श्रमिकों में से मात्र एक प्रतिशत मजदूरों को उक्त सहायता राशि का भुगतान हो पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोजपुर जिला के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लंबित सभी सहायता राशि का शीघ्र भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नाली का निर्माण

*272. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला में पथ निर्माण प्रमंडल, मधेपुरा के अधीन प्रखंड मुख्यालय, आलमनगर बाजार के ठाकुरबाड़ी के निकट से लदमा नहर होते हुये लदमा धार तक ढक्कनयुक्त पक्की नाली नहीं रहने के कारण बरसात के समय में आलमनगर बाजार में जल-जमाव हो जाता है, जिससे आम लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक आलमनगर बाजार से पश्चिम भाग से ठाकुरबाड़ी के निकट से लदमा नहर होते हुये लदमा धार तक पक्की नाली का निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*273. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखण्ड के सुगापट्टी पंचायत में भगवती चौक से महादलित टोल, हरयड़ी तक एवं सुगापट्टी से बलुआ ग्राम तक सड़क कच्ची रहने के कारण 15 हजार आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

नाला पुनः चालू कराना

*274. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत पिपराही प्रखंड के नारायपुर पंचायत से विशाल नाला चलकर कुअमा, मीनापुर पंचायत होते हुये धनकौल, फिरंगी, बाहा होकर धनकौल पुरानी धारा बागमती नदी में मिल जाती थी, उसमें धनकौल के पास नाला को 2017-18 में अवरुद्ध कर दिया गया है, जिसके कारण उक्त क्षेत्र के किसानों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार धनकौल के पास अवरुद्ध नाला को पुनः चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नदी की उड़ाही

*275. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के सरैया घाट, प्यारेपुर घाट से चाँदपुरा घाट, लेयोढ़न घाट स्थित नून नदी में मिट्टी भर जाने के कारण नदी सूख रही है, जिसके कारण वहाँ के किसानों को सिंचाई में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर नदी की उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*276. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर से पुपरी, सुरसंड, परिहार होते भीसवा तक सड़क निर्माण एस० एच० के रूप में पथ निर्माण विभाग के द्वारा कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि परिहार से भीसवा 13 कि० मी० सड़क है जो परित्यक्त पथ है एवं जर्जर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त परित्यक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*277. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के ग्वालपाड़ा प्रखंड अंतर्गत पंडुकिया, मिलिक से बभनगामा जाने वाली पथ में पड़ाकिया धार पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण नहीं होने से धार के दोनों तरफ सड़क के निर्माण के बावजूद आवागमन बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के उदाकिशुनगंज प्रखंड में बीढ़ी, रणवाल ड्रेनेज धार के पूरब दिशा एवं पश्चिम दिशा में दोनों ओर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से सड़क का निर्माण पाँच वर्ष पूर्व ही हो चुका है, लेकिन उक्त धार पर पुल का निर्माण नहीं होने से आमजन का आवागमन भी बाधित है, पुल निर्माण पर व्यय भी निष्फल साबित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थलों पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कर्मचारी का दर्जा देना

*278. श्री मनोज कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2001 से सिंचाई विभाग में कार्यरत मौसमी कर्मचारियों को चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के रूप में दर्जा देने का प्रस्ताव विभाग में वर्ष 2012 से लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मौसमी कर्मचारीयों को चतुर्थवर्गीय कर्मचारी का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*279. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कार्य प्रमंडल, जगदीशपुर में GTSNY योजना के अन्तर्गत एल 043 से एन० एच० 30 तक भाया उतरवारी इंगलिस टोला तक दूरी 1.5 कि० मी० पी० सी० सी० का वर्ष 2017-18 में स्वीकृत हुआ था, परन्तु संवेदक द्वारा उतरवारी इंगलिस टोला ग्राम में करीब 300 मीटर पी० सी० सी० का कार्य नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिना कार्य पूर्ण कराये ही संवेदक द्वारा सरकारी राशि की निकासी कर ली गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे पथ का कार्य पूर्ण कराने एवं अनियमितता करने वाले दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चैनल का लाईनिंग कराना

*280. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत सोन नहर प्रणाली से जुड़ी सभी वितरणी पैरालैल चैनल का लाईनिंग कार्य नहीं हुआ है, जिससे वहाँ के किसानों को सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार पैरालैल चैनल का लाईनिंग कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पक्का चबूतरा का निर्माण

*281. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में मक्का सुखाने के लिये पक्का स्थान नहीं रहने के कारण किसान विवशतावश पक्की सड़कों का उपयोग करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में सड़कों पर मक्का सुखाने के कारण वाहनों का आवागमन बाधित होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों को मक्का सुखाने हेतु पक्का चबूतरे के निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर का आधुनिकीकरण

*282. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर डिवीजन के किंग्स नहर का आधुनिकीकरण नहीं किये जाने के कारण आस-पास के क्षेत्र की सिंचाई प्रभावित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक किंग्स नहर का आधुनिकीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*283. सुश्री पुनम पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में फलका प्रखंड अंतर्गत सालेपुर पंचायत में महेशपुर चौक से महेन्द्र साह चौक तक 1 कि० मी० सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन बनाना

*284. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अंतर्गत राजापाकड़ और सहदेई बुजुर्ग प्रखंड का अपना कार्यालय भवन नहीं है, जिसके कारण विभागीय कार्य निष्पादन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राजापाकड़ एवं सहदेई बुजुर्ग का प्रखंड कार्यालय का भवन बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावरोधक कार्य कराना

*285. डॉ० अशोक कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत शिवाजीनगर प्रखंड के मोरवारा-भिरहा आर०ई०ओ० पथ में अवस्थित कांकर घाट पुल के पश्चिमी भाग में करेह नदी से कटाव के कारण, पहुँच पथ जर्जर होने के कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है तथा यातायात बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटाव रोकने हेतु कटावरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूरा करना

*286. श्री (मो०) तौसीफ़ आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के बहादुरगंज से लावचा होते हुये टेढ़ागाछ तक 29 कि० मी० सड़क का निर्माण कार्य मार्च, 2015 से शुरू कर मार्च, 2017 में पूरा कर देना था, लेकिन उक्त सड़क का निर्माण कार्य मार्च, 2015 में तो शुरू किया गया, किन्तु अधूरा कार्य कर छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आई० टी० आई० संचालित करना

*287. डॉ० अशोक कुमार--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा आई० टी० आई० कॉलेज की स्थापना वर्ष 2016 में हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में यह आई० टी० आई० रोसड़ा के बजाय दरभंगा आई० टी० आई० में चल रहा है जो रोसड़ा से 70 किलो मीटर दूर है ;

(3) क्या यह बात सही है कि तत्काल कॉलेज संचालन हेतु स्थानीय सरकारी विद्यालय या महाविद्यालय यथा +2 विद्यालय, रोसड़ा यू० आर० महाविद्यालय, रोसड़ा तथा संस्कृत महाविद्यालय, बड़ी दुर्गा स्थान, रोसड़ा में स्थान/भवन उपलब्ध है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सराकर आई० टी० आई० रोसड़ा के छात्र/छात्राओं के हित में उक्त कॉलेज को रोसड़ा के खंड (3) में वर्णित सरकारी विद्यालय या महाविद्यालय में संचालित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

आवागमन चालू कराना

*288. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखंड के लदौर पंचायत में स्थित रजुआ घाट पर वर्षों से पुल का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे उक्त इलाके के लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कराकर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आई० टी० आई० की स्थापना

*289. श्रीमती (डॉ०) रंजू गीता--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बाजपट्टी विधान सभा अंतर्गत एक भी आई० टी० आई० कॉलेज नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बाजपट्टी प्रखंड के पंचायत मधुबन, बसहा (प०) में आई० टी० आई० कॉलेज की स्थापना/निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बोल्डर पीचिंग कराना

*290. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अंतर्गत कुर्था विधान सभा के प्रखंड करपी अंतर्गत ग्राम-कुर्सा, पंचायत नरगा में पुनपुन नदी के तट पर स्थित दलित बस्ती का नदी से कटाव हो रहा है तथा नदी तट पर स्थित सूर्य मंदिर से साधु जी के बगीचा तक कटाव होने के कारण मंदिर सहित बगीचा तक नदी में विलीन होने का का खतरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डायवर्सन का निर्माण

*291. श्री कुमार सर्वजीत--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 जून, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''मुहाने नदी में पानी आने से बहा डायवर्सन, कई गाँवों का सम्पर्क टूटा'' के आलोक में क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया प्रखंड के गंगा बीघा व मोराटाल के मुहाने नदी पर बने डायवर्सन बारिश के कारण टूट गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त डायवर्सन टूट जाने के कारण बोधगया प्रखंड के पूर्वी गाँव का सम्पर्क शहरी क्षेत्र से टूट गया है, साथ ही मोराटाल, मनकोसी सहित दो दर्जन गाँवों में आवागमन भी बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त डायवर्सन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*292. श्री (प्रो०) चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अंतर्गत भेलवा चौक से साहूगढ़ होते हुये मधेपुरा जिला मुख्यालय जाने वाली 9.3 कि० मी० सड़क में भेलवा चौक से साहूगढ़ जाने वाली 6.3 कि० मी० सड़क जर्जर, है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य को पूर्ण करना

*293. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा-सासाराम मुख्य पथ एस० एच० 12 देवकुरा मोड़ से बराढ़ गाँव तक लगभग 3 कि० मी० सड़क पर 8 वर्ष पूर्व में संवेदक द्वारा सिर्फ ऊपरी लेयर पर बोल्डर बिछाकर छोड़ दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ऊपरी सतह पर सिर्फ बोल्डर बिछाने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का संवेदक द्वारा आधा-अधूरा छोड़ दिये गये कार्यों को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का ऊँचीकरण

*294. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी विधान सभा क्षेत्र में एस० पी० एम० रोड़ से भखरी जाने वाली पथ नीचा रहने के कारण बरसात के दिनों में काफी पानी भर जाता है, जिसके कारण वह जर्जर हो चुका है तथा स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का ऊँचीकरण कर मरम्मती करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मोटाई बढ़ाना

*295. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पी० एम० जी० एस० वाई० पक्की सड़क में मात्र 4" पी०सी०सी० ढलाई का प्रावधान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों से बड़ी गाड़ियों का आना-जाना हो रहा है, जिसके कारण कमजोर पी० सी० सी० ढलाई वाली सड़कें शीघ्र टूट जा रही है तथा रोड खराब हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पी० एम० जी० एस० वाई० के अंतर्गत ढलाई होने वाली सड़कों की मोटाई 4" से बढ़ाकर करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*296. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के महिला कॉलेज से मिरजान हाट रोड में तीस कि० मी० में प्रस्तावित रेल पुल (आर० ओ० बी०) का डी० पी० आर० के निर्माण हेतु अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त, पथ निर्माण विभाग, पटना द्वारा प्रबंधक निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण लि० को 6 माह पूर्व पत्र लिखा गया है, लेकिन आजतक उक्त पुल का डी० पी० आर० तैयार नहीं होने के कारण पुल का निर्माण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का डी० पी० आर० तैयार कर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुल का निर्माण

*297. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा प्रखंड के अम्बा, नवीनगर पथ पर 0 माईल एवं उसी पथ के 9 माईल पर क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नये पुल के निर्माण हेतु योजना वित्तीय वर्ष 2017-18 के वार्षिक कार्य योजना में शामिल रहने के बाद भी अबतक निर्माण कार्य की स्वीकृति नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के निर्माण की स्वीकृति कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नहर की सफाई

*298. श्री (मो०) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मुख्य नहर की सफाई कार्य धीमा होने के कारण सरकार को 100 करोड़ का नुकसान हुआ है तथा वितरणी में पानी नहीं पहुँचने के कारण हजारों एकड़ जमीन का पटवन नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार मुख्य नहर की सफाई कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुल का निर्माण

*299. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड में सुन्दर विराजित से बाथ पथ में जल निकासी हेतु पुल नहीं रहने की वजह से पथ में आवागमन बंद है, जिससे सुन्दर विराजित पंचायत के बासिन्दों को प्रखंड मुख्यालय, मधेपुर आने-जाने में काफी दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क में पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## योजना क्रियान्वित कराना

*300. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत सभी 314 ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन पर जिला पदाधिकारी, बेतिया, प० चम्पारण ने अप्रील, 2017 में रोक लगा दी है, जिसके कारण मनरेगा जॉब कार्डधारी भूखमरी के कागार पर पहुँच गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि मनरेगा योजना में पंजीकृत जॉब कार्डधारियों को रोजगार प्राप्त करना कानूनन अधिकार है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनरेगा योजना को क्रियान्वित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

गोलम्बर का निर्माण

*301. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकन्द्रा प्रखंड के मुख्य चौक पर गोलम्बर नहीं है, जहाँ एक-एक रास्ता नावादा, एक रास्ता लखीसराय, एक शेखपुरा और एक रास्ता जमुई की ओर जाती है, जहाँ आये दिनों गाड़ियों के आवागमन से जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मुख्य चौक पर गोलम्बर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बाँध एवं फॉल का निर्माण

*302. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत करगहर प्रखंड में घोघरडीहा गाँव के दक्षिण नारा में फॉल एवं बहुआरा गाँव के पास धर्मावती नदी में बाँध-सह-फॉल का निर्माण कृषि कार्य के लिये हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँध एवं फॉल जर्जर होने के कारण किसानों के फसल की सिंचाई नहीं होती है एवं पानी बर्बाद हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के पास बाँध एवं फॉल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रतिनिधि को प्रशिक्षण दिलाना

*303. श्री मनोज कुमार--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला स्तर पर पंचायत स्तर के जन-प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देने के लिये जिला प्रशिक्षक की नियुक्ति सरकार द्वारा की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन जिला प्रशिक्षकों से 5 साल में मात्र एक बार प्रशिक्षण का कार्य लिया जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिला प्रशिक्षकों से एक निश्चित समय अंतराल पर पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ढलान का निर्माण

*304. श्री मनेश्वर चौधरी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बेली रोड-दीघा नवनिर्मित नहर पथ से जगदेव नगर जानेवाली सड़क में ढलान का निर्माण नहीं होने के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ से जगदेव नगर जानेवाली सड़क में ढलान का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

खनन कार्य कराना

*305. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुरौल प्रखंडान्तर्गत तिरहुत केनाल नहर का निर्माण हो रहा है, जिसमें मिट्टी बगल के गाँव के खेत में 10-15 फीट गड्डा करके निकाला जा रहा है जो खान विभाग के नियम के विरुद्ध है तथा नहर के प्रस्तावित जमीन में बसे हजारों परिवार प्रभावित हो रहे हैं, परन्तु उन्हें राहत एवं पुनर्वास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पुनर्वास योजनाओं के तहत लाभ दिलाने एवं खनन् विभाग के नियमों के तहत खनन् कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू कराना

*306. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर प्रखंड के दयालपुर पंचायत के सिंधौली टोला/ग्राम में स्थित राजकीय नलकूप एवं पातेपुर प्रखंड के मंडईडीह पंचायत में स्थित राजकीय नलकूप विगत् 10 (दस) वर्षों से बंद होने के कारण किसानों को पटवन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों राजकीय नलकूप को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पद का समायोजन

*307. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में पंचायती राज व्यवस्था के अन्तर्गत ग्राम-रक्षा दल में दलपति दलनायक एवं स्वयंसेवक की प्रतिनियुक्ति की गयी थी, परन्तु सरकार ने वर्ष 1990 में उक्त पदों की सेवा समाप्त कर दी है, 60 वर्ष की उम्र से कम वाले व्यक्ति बेरोजगार हो गये हैं, साथ ही उन्हें अपने परिवार के पालन-पोषण में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उन बेरोजगारों को पंचायती राज के अधीन अन्य कार्यों में समायोजन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*308. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहषी प्रखंड के बालाकोठी में पुल लगभग डेढ़ साल से टूटा हुआ है, जिससे बालाकोठी से परसोनिया वृत कुअमा जाने में स्थानीय लोगों को असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वियर का निर्माण

*309. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के रतनी फरीदपुर प्रखंड के पंडौल पंचायत के ग्राम-कखौरा के पास बलदई नदी पर वियर निर्माण नहीं होने से ग्रामीण किसानों को हजारों एकड़ जमीन असिंचित रह जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर वियर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*310. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के सुपौल प्रखंडान्तर्गत अमहा पंचायत के अमहाराजाकामत चौक से हनुमान मंदिर होते हुये गम्हरिया सीमा एवं झहुरा पक्की सड़क से सपरदाहा म० वि० कजहा लतराहा होते हुये सपरदाहा तक की दोनों अतिमहत्वपूर्ण सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों ग्रामीण सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लूईस गेट का निर्माण

*311. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रखंड के मनुष्यामारा नदी पर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिये वर्ष 1992 में स्लूईस गेट का निर्माण प्रारंभ किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्लूईस गेट का निर्माण कार्य आजतक पूरा नहीं किया जा सका है, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्लूईस गेट का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*312. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखण्ड अंतर्गत जल संसाधन विभाग के पश्चिमी तटबंध प्रमंडल निर्मली (सुपौल) द्वारा पश्चिमी कोसी तटबंध लारदह के नीचे महादेव मठ सुरक्षा बाँध में कटाव निरोधक कार्य टी०पी०एन०/18/2017-18 के अंतर्गत बन रहे बाँध में घटिया बालू का उपयोग एवं स्लूईस गेट के निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री यथा गिट्टी बालू सिमेंट, ईंट एवं छड़ घटिया स्तर की उपयोग की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि संरचना का निर्माण स्वीकृत नक्शा के अनुरूप नहीं है, जिसके कारण सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*313. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के शेखपुरा ग्राम पंचायत के कोरो से बिशनपुर तक 3 कि० मी० एवं नारायणपुर से खाड़ी अल्हंडा तक 5 कि० मी० सड़क कच्ची है जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*314. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिले के एन० एच०-57 दिवेश्वर स्थान से एन० एच०-57 मोहना पथ के चौड़ीकरण के साथ पथ निर्माण का प्रस्ताव वर्ष 2017-18 से लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार इस वित्तीय वर्ष में उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण .

*315. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड अंतर्गत करवा-तरियानी तथा मस्सा पंचायत में भवन निर्माण विभाग से स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण होना था जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति जिला पदाधिकारी दरभंगा का पत्रांक 9, दिनांक 5 जनवरी, 2015 द्वारा हो चुकी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्वास्थ्य उप-केन्द्र के नाम से 50 प्रतिशत आवंटन भी आ गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*316. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सुलतानगंज विधान सभा क्षेत्र में शहकुंड प्रखंड के अंतर्गत शिवशंकरपुर मोड़ से दामोदरपुर होकर दिनदयालपुर पथ एवं कल्भर्ट जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप लगाना

*317. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड रोहतास एवं प्रखंड नौहट्टा के यदुनाथपुर, धुम्हा सहित 250 गाँवों का जमीन सिंचाई के अभाव में बंजर पड़े हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन दोनों प्रखंडों से पूरब में सोन नदी तथा पश्चिम में कैमूर पहाड़ी होने के कारण सिंचाई व्यवस्था नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में सिंचाई के लिये नलकूप लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

योजना का भौतिक सत्यापन कराना

*318. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के लकड़ी नबीगंज प्रखंड के पंचायत खवासपुर में 59 लाभुक प्रधानमंत्री आवास योजना में चयनित किये गये हैं तथा उनके खाता में प्रथम किस्त 50 हजार रुपया जमा की गयी तथा लाभुक द्वारा निकासी भी कर लिया गया, लेकिन एक भी लाभुक द्वारा आवास निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक खवासपुर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना का भौतिक सत्यापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*319. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखंड अधीन अमारी, मदन चौक से भाया राजघाट-गरेल-संझाघाट जानेवाली पथ जर्जर है और इसका अनुरक्षण अवधि वर्ष 2015 में समाप्त हो चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*320. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सत्तरकटैया प्रखंड के सहरसा उप-शाखा नहर के सिसई नहर पर पुल नहीं रहने से लोगों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

वितरणी का जीर्णोद्धार

*321. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत त्रिवेणी कैनाल रक्सौल डिवीजन स्थित त्रिवेणी शाखा नहर से जमुनिया उप-वितरणी (सिंगाही) विगत 20 वर्षों से जर्जर रहने के कारण धोकराहा, तौलाहा, बभनी के कृषकों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वितरणी का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

*322. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या प्रशा०-8/संकल्प-4574(ई) द्वारा एन०ओ०सी० प्राप्त होने के बाद भी दरभंगा सदर प्रखंड के एन०एच०-57, गौसा घाट से धोई घाट तथा मुरीया से सोनकी पथ का कार्य नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह पथ जिला एवं प्रखंड को जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य सड़क है एवं जर्जर रहने से आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का निर्माण

*323. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड के नसीमगंज-भोरहादह PMGSY सड़क से माफुस टोल तक सड़क का निर्माण कार्य मार्च, 2017 से हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण में 6 इंच सड़क की मोटाई का प्राक्कलन बना हुआ है जिसमें मात्र 4 इंच सड़क की मोटाई का सड़क का निर्माण कार्य हो रहा है, साथ ही सीमेंट एवं बालू का भी उपयोग प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया जा रहा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य की जाँच कराने एवं संवेदक पर कार्रवाई करते हुये प्राक्कलन के अनुरूप सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का जीर्णोद्धार

*324. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत तारडीह प्रखंड के ककौढ़ा गाँधी चौक से तारडीह मुख्यालय जानेवाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क तथा नाली ध्वस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुरानी कमला नदी पर कुमरौल के पास डैम बनाने के लिये जल संसाधन विभाग द्वारा लगातार ओभर लोडिंग ट्रकों की आवाजाही से उक्त सड़क जर्जर तथा नाली ध्वस्त हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क की मरम्मती

*325. श्री श्याम रजक--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के सिपारा एन०एच० 83, सिपारा-दशरथा मोड़ से पुनपुन-मसौढ़ी तक सड़क जर्जर है, जो पटना से गया जाने हेतु मुख्य सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 8 वर्षों से इस पथ की मरम्मती कार्य नहीं किया गया है, जिससे आमजन को पुनपुन, मसौढ़ी तथा गया आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है ?

पक्की सड़क का निर्माण

*326. डॉ० विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के डोभी प्रखण्ड में सिंहपोखर से भदवर आहर होते भदवर महादलित टोला तक एवं पिड़ासीन में पुलिया से पिड़ासीन बगीचा तक के बसावटों को कच्ची सड़क से आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बसावटों के लिये पक्की सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटावरोधक कार्य कराना

*327. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत गंगा नदी के कटाव से बचाने के लिये की जा रही बोल्डर पीचिंग मेघु टोला और झब्बु टोला के बीच दब जाने से मेघु टोला इत्यादि गाँवों का कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर कटावरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रशिक्षण सुनिश्चित कराना

*328. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिशु अधिनियम-1961 के अनुसार व्यवसायवार किसी भी प्रतिष्ठान के अन्तर्गत कार्यरत कर्मियों की संख्या का 2.5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक शिशुओं को प्रशिक्षण देने का प्रावधान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में राज्य के अन्तर्गत आई०टी०आई० उत्तीर्ण युवकों की संख्या में वृद्धि हुई है जबकि राज्य में संचालित अधिकांश प्रतिष्ठान अपने कर्मियों के न्यूनतम 2.5 प्रतिशत तक ही शिशुओं को प्रशिक्षण देते हैं;

(3) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य में कुल कर्मियों की संख्या का 10 प्रतिशत या उससे अधिक शिशुओं का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*329. श्री राजकिशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत गोरोल प्रखण्ड में ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, महुआ के पिरोई शमसुद्दीन पंचायत में छितरौली गोलम्बर से बड़ी चौक तक लगभग चार कि०मी० सड़क जर्जर होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*330. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अन्तर्गत बहादुरपुर प्रखण्ड में गाँव कपछाही की मुख्य सड़क (दोनार-धरोड़ा पथ) से दूरी डेढ़ कि०मी० है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क करीब 15 वर्ष पहले विधायक निधि से बना था, जो जर्जर है एवं बाढ़ के कारण उक्त सड़क की चौड़ाई भी काफी कम हो गयी है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण करना

*331. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के विधान सभा क्षेत्र हथुआ में मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत प्रखण्ड हथुआ के ग्राम पंचायत राज बरवा कपरपुरा के ग्राम कपरपुरा के मीरगंज भागीपट्टी समदर पी०डब्लू०डी० पथ से कपरपुरा कुशवाहा टोला जानेवाली पथ एवं ग्राम पंचायत राज कुसौधी के कुचायकोट मैरवा आर०ई०ओ० पथ से दुदही तक जानेवाली पथ विगत कई वर्षों से निर्माणाधीन है, जिससे ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने वाले लापरवाह एवं दोषी संवेदक एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*332. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखण्ड के चन्दहर ग्राम पंचायत के बघवा घाट एवं [illegible]ईपुर पंचायत के सोलनापुर उच्च विद्यालय, के निकट महानंदा धार पर पुल नहीं है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों स्थानों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ की मरम्मती

*333. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लखनौर प्रखण्ड के बलभद्रपुर से नवटोल गुमटी तक पथ जर्जर है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----------

सड़क का चौड़ीकरण

*334. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ विधान सभा क्षेत्र के सनौली चौक से बीरपुर लोखड़ा तथा सनौली चौक से पूर्णियाँ सिटी तक पथ निर्माण विभाग की सड़क है जिसकी चौड़ाई कम रहने से हमेशा ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों का चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण कराने का विचार रखती है ?

## सड़क का पुनः निर्माण

*335. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखण्ड के वीरपुर गंगासागर पुल मुख्य सड़क से ग्राम-हसनपुर होते हुए राजघाट तक सड़क विगत 2007 के भीषण बाढ़ में जर्जर हो गया था, जिससे यातायात बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## कटावरोधक कार्य कराना

*336. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखण्ड में सोनपुर नगर पंचायत के सहवाईच मुहल्ला तथा रेलवे लाइन के नजदीक गंडक नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर कटाव से बचाव हेतु कटावरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## पथ की मरम्मती

*337. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल उदाकिशुनगंज के अधीन एन0 एच0 106 मधैली चौक से मधैली गोठ ग्राम-बलिया, बालाटोला, पश्चिम टोला, रौता बधनाहा पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 द्वारा निर्मित सड़क तक जानेवाली पक्की पथ क्षतिग्रस्त हो गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पक्की पथ का निर्माण वर्ष 2008 में एम0 एम0 जी0 एस0 वाई0 के अधीन हुआ था तथा यह पथ अनुरक्षण के श्रेणी एक में है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

------------

## कटावरोधक कार्य कराना

*338. डॉ0 (मो0) जावेद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज के पोठिया प्रखण्ड अंतर्गत बुधरा एवं रामपुर पंचायत के गाँवों का डोंक/महानंदा नदी के कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटावरोधक कार्य करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## नलकूप का जीर्णोद्धार

*339. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी --क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत बक्सर एवं चौसा प्रखण्ड में बंद नलकूपों के जीर्णोद्धार हेतु वर्ष 2016-17 में बना प्राक्कलन स्वीकृति के लिए विभाग में लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राक्कलन की स्वीकृति देकर नलकूपों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*340. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखण्ड के बिशनपुर पंचायत के चंदन नगर के विनोद चौधरी के घर के बाँध तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जल प्रवाह बढ़ाना

*341. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले विभिन्न प्रखण्ड से होकर गुजरने वाली बलान नदी में पानी की कमी और गाद के जमाव के कारण जल प्रवाह प्रभावित हो रहा है, जिससे कृषकों एवं मत्स्य पालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस नदी में जल प्रवाह बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*342. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, पथ निर्माण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत एन0 एच0 104 में सुरसंड प्रखंड के सुन्दरपुर गाँव के नजदीक गोबरडीया पुल का निर्माण कार्य तीन वर्ष पूर्व में शुरू किया गया है, जिसे वर्ष 2016 में पूर्ण करना था, किन्तु कार्य धीमी गति से चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल अर्द्ध-निर्मित रहने के कारण बगल से डायभर्सन से बड़ वाहनो का परिचालन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

------------

आवागमन सुव्यवस्थित करना

*343. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कोटवा में ओवरब्रीज के नीचे दिपक मोड़ पर रोड में गलत कट हो जाने से प्रतिदिन दुर्घटना हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कट के पास 10 रोड का क्रॉसिंग होने से काफी संख्या में गाड़ियों का परिचालन होता रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कट को बंद कर उसके आगे कट बनाकर आवागमन सुव्यवस्थित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

एप्रोच पथ का निर्माण

*344. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गढ़पुरा प्रखंड के कुम्हारसो पंचायत के कोड़ा एवं मौजी पंचायत के मध्य नदी पर बना पुल एप्रोच पथ से जुड़ा हुआ नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का एप्रोच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*345. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखंड के फकुली पंचायत के राममठ मुख्य सड़क चुन्नू भगत के घर होते हुये सुन्दर भगत के घर तक सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*346. श्री श्याम रजक--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिले के पुनपुन प्रखण्ड अन्तर्गत पुनपुन से राजघाट नवादा, पथ निर्माण विभाग द्वारा नया पथ का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अकबरपुर के पास नहर पर पूर्व से निर्मित पुलिया जर्जर एवं संकीर्ण होने के कारण इस पथ की क्षमता के अनुरूप उपयोग नहीं हो पाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इस पथ के ग्राम-अकबरपुर तक का पथ का निर्माण नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुलिया का चौड़ीकरण कराते हुये ग्राम-अकबरपुर तक पथ का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

--------

परिवार को पुनर्वासित करना

*347. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के मेजरगंज प्रखंडान्तर्गत बागमती परियोजना से विस्थापित ग्राम-बहेरा टोले सिजुआ के सैकड़ों परिवारों को भू-अर्जन की विभागीय प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण पुनर्वासित नहीं किया जा सकता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक विस्थापित परिवारों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*348. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ एवं अररिया जिला से गुजरने वाली नहर जानकीनगर ब्रांच कैनाल (JBC) के पश्चिमी तट होकर पूर्णियाँ जिला के बनमनखी प्रखंड के ग्राम गंगापुर से अररिया जिला के भरगामा प्रखंड के ग्राम खजुरी तक विश्व बैंक की राशि से वर्ष 1977-78 में पक्की सड़क का निर्माण कराया गया था, जो रखरखाव के अभाव में जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*349. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत असरगंज पी०डब्लू०डी० पथ जो मिर्जापुर से किरण पथ तक जाती है वह जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*350. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत कुढ़नी प्रखंड के वाधी पदमौल मुख्य पथ से राजपुतान टोला की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :

दिनांक 25 जुलाई, 2018 (ई०) ।

राजीव कुमार

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 39--डी०टी०पी०--500